संख्या–1281/22–4–2010–105(ब)/08

प्रेषक,

सत्य प्रकाश पंखा,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग–4 लखनऊ:दिनांक–27 जुलाई,2010

विषयः– प्रदेश की कारागारों में वायरलेस सेटों की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–16491/आधु.–2/2010दि.–03 जून, 2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश की कारागारों में सुरक्षा एवं संचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कारागारों में वायरलेस सेटों की स्थापना हेतु निम्नलिखित मानक निर्धारित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

क.	वायरलेस सेटो की स्थापना हेतु कारागार श्रेणी का निर्धारण	वायरलेस सेटो हेतु मानक प्रति कारागार	
		स्टेटिक सेट	हेंड सेट
1	2	4	5
1	श्रेणी-ए सभी केन्द्रीय कारागार तथा 2000 से अधिक बन्दी जनसंख्या की कारागारें	01	20
2	श्रेणी-बी 1000 से 2000 तक बंदी जनसंख्या की कारागारें	01	15
3	श्रेणी-सी 1000 से कम बंदी जनसंख्या की कारागारें	01	10

2– प्रदेश की कारागारों के लिए आवश्यक वायरलेस सेटों का क्रय एवं उनका अनुरक्षण उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के माध्यम से किया जायेगा।

3– प्रदेश की कारागारों में अक्रियाशील वायरलेस सेटों को ठीक कराने एवं तदुपरान्त मानक के अनुसार वास्तविक आवश्यकता के आधार पर वायरलेस सेटों के क्रय हेतु सुसंगत प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सत्य प्रकाश पंखा)
उप सचिव।

संख्या– 1281/22–4–2010 तद दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार), उ0प्र0, पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ।
2. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(सत्य प्रकाश पंखा)
उप सचिव।